
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

28 सितंबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

क्रांति की तलवार विचारों की सान पर तेज होती है।

भगत सिंह

( क्रांतिकारी )

जन्म : 28 सितंबर 1907




राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers
दिवस विशेष
28 सितंबर

मधु प्रिया

# विश्व रेबीज दिवस 28 सितंबर




"विश्व रेबीज दिवस" प्रतिवर्ष 28 सितंबर को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस मनुष्य और जानवरों पर रेबीज के प्रभाव के विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए, बीमारी की रोकथाम और नियंत्रित करने की प्रयासों के बारे में जानकारी और सलाह प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन फ्रांसीसी रसायनज्ञ और माइक्रोबायोलॉजिस्ट लुइस पाश्चर की पुण्यतिथि का भी प्रतीक है। जिन्होंने पहले रेबीज वैक्सीन विकसित किया था। यह एक ऐसा वायरल इंफेक्शन है, जो आमतौर पर संक्रमित जानवरों के काटने से फैलता है। कुत्ते, बिल्ली, बंदर आदि कई जानवरों के काटने से इस बीमारी के वायरस व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। यह वाइरस कई बार पालतू जानवर के चाटने या खून का जानवर के लार से सीधे संपर्क में आने से फैल जाता है। यह एक जानलेवा रोग है। इसके लक्षण बहुत देर में नजर आते हैं अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा साबित हो जाता है।

# जयंती विशेष 28 सितंबर




**अमर बलिदानी सरदार भगतसिंह** *Bhagat Singh*, जन्म- 28 सितंबर, 1907 , लायलपुर, पंजाब, मृत्यु- 23 मार्च, 1931, लाहौर, पंजाब) का नाम विश्व में 20वीं शताब्दी के अमर बलिदानियों में बहुत ऊँचा है। भगतसिंह ने देश की आज़ादी के लिए जिस साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुक़ाबला किया, वह आज के युवकों के लिए एक बहुत बड़ा आदर्श है। भगतसिंह अपने देश के लिये ही जीये और उसी के लिए बलिदान भी दे गये।

# MATH TLM

Class-6to8

44

## महत्वपूर्ण सूत्र ( ब्याज)

- $$\text{मूलधन} = \frac{\text{ब्याज} \times 100}{\text{समय} \times \text{दर}}$$

जैसे -

ब्याज=800रु,समय=4वर्ष ,दर=8%,
मूलधन=?

हल:- $$\text{मूलधन} = \frac{800 \times 100}{4 \times 8} = 2500$$

मूलधन=2500

Anu Priya, Science Teacher




# TOB खेल कॉर्नर






## एशिया कप क्रिकेट का दंगल: विजेता और उपविजेता(1984-2025)

| वर्ष | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| 1984 | भारत | श्रीलंका |
| 1986 | श्रीलंका | पाकिस्तान |
| 1988 | भारत | श्रीलंका |
| 1990-91 | भारत | श्रीलंका |
| 1995 | भारत | श्रीलंका |
| 1997 | श्रीलंका | भारत |
| 2000 | पाकिस्तान | श्रीलंका |
| 2004 | श्रीलंका | भारत |
| 2008 | श्रीलंका | भारत |
| 2010 | भारत | श्रीलंका |
| 2012 | पाकिस्तान | बांग्लादेश |
| 2014 | श्रीलंका | पाकिस्तान |
| 2016 | भारत | बांग्लादेश |
| 2018 | भारत | बांग्लादेश |
| 2022 | श्रीलंका | पाकिस्तान |
| 2023 | भारत | श्रीलंका |
| 2025 | ??? | ??? |



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 28.09.2025

## छात्र-केंद्रित शिक्षण

छात्र-केंद्रित शिक्षण एक शैक्षणिक दृष्टिकोण है जिसमें छात्रों को सीखने की प्रक्रिया के केंद्र में रखा जाता है, जिससे वे अपनी शिक्षा में अधिक सक्रिय भूमिका निभाते हैं. इस पद्धति में, शिक्षक ज्ञान प्रदान करने वाले प्राथमिक स्रोत के बजाय एक मार्गदर्शक या सूत्रधार के रूप में कार्य करता है. इसका लक्ष्य छात्रों की रुचियों, आवश्यकताओं और पूर्व ज्ञान को सक्रिय करके सीखने को अधिक सार्थक, आकर्षक और सहभागी बनाना है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




स्विट्ज़रलैंड में स्थित गॉटहार्ड बेस दुनिया की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है। 57 कि.मी. लंबी यह सुरंग आल्पस पहाड़ से 2.3 कि.मी. नीचे बनी है। इस सुरंग को बनाने में करीब 17 साल लगे और इस पर 80 हज़ार करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### बेर



मुझमें विटामिन A, C, B-6, K,E, फोलेट, कैल्शियम ,पोटेशियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस आदि भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

Anu priya

# पद्य पंकज

"

हम ये प्रार्थना ना करें,कि
हमारे ऊपर खतरे न आयें।
बल्कि ये करें, कि हम उनका
सामना करने में निडर रहे।

---

**रविन्द्र नाथ टैगोर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org



भारत में हरित क्रांति के जनक

# एम एस स्वामीनाथन


7 अगस्त 1925

28 सितंबर 2023

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्तिकारी
शहीद भगत सिंह
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
28 सितम्बर 1907 - 23 मार्च 1931
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


HAPPY BIRTHDAY
28 सितम्बर 1982
व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले
पहले भारतीय खिलाड़ी
अभिनव बिंद्रा
के जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
लता मंगेशकर
जन्म- 28 सितंबर 1929
मृत्यु – 6 फरवरी 2022
/teachersofbihar
Madhu priya



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

28 सितंबर

# अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस

पर सभी बेटियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

Punita Kumari

www.teachersofbihar.org